तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	कार्यालय उपखण्ड अधिकारी बनेड़ा रामस्वरूप मीणा बनाम जमनालाल डोगर विस्थापन - वाद नं0-132/2007	
	25.06.2019 पत्रावली पैश हुई। वादी अधिवक्ता उपस्थित। प्रतिवादी पक्ष आज अनुपस्थित। स्वयं वादी ने विगत सुनवाई के दौरान उपस्थित होकर इस मौजूदा वादपत्र अन्तर्गत धारा 88, 89, 188 आर.टी.एक्ट में अब आगे कोई कार्यवाही नही चाहने का कथन रखते हुए एक प्रार्थनापत्र इसी आशय का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि, प्रतिवादी संख्या 01 देहान्त हो चुका है, एवं इस उपरान्त उनकी विरासत के आधार पर वादी एंव प्रतिवादी संख्या 02 लगायत 04 का नाम राजस्व अभिलेखों में स्वतः दर्ज हो चुका है, ऐसी स्थिति में इस मौजूदा वादपत्र को आगे चलाये जाने का कोई विधिक औचित्य प्रतीत नही होता है, लिहाजा इस वादपत्र को इसी स्तर पर ड्रोप किया जाना फरमावें। प्रस्तुत प्रार्थनापत्र को आज रिकार्ड पर लिया जाता है। ऐसी स्थिति में इस वादपत्र बाबत घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा में अब आगे कोई कार्यवाही अपेक्षित नही रह जाती है। अतः वादी का वादपत्र वादी के नोट प्रेस किये जाने से इसी स्तर पर ड्रोप किये जाने की आज्ञा पारित की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।	